Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 नवंबर, 2022

पंचायत अनुसूचित विस्तार अधिनियम

मध्य प्रदेश सरकार ने **पंचायत अनुसूचित विस्तार अधिनियम** लागू कर दिया है। राष्ट्रपति ने 15 नवंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के शहडोल ज़िले में एक कार्यक्रम में इसकी औपचारिक घोषणा की। इसका उपयोग **जनजातीय समुदाय के लोगों को सशक्त बनाने** के लिये किया जाएगा। इस अधिनियम का उद्देश्य **ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी से जनजातीय लोगों को शोषण से बचाना है।** यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को विशेष रूप से **प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन** में विशेष अधिकार देता है। **पंचायत अनुसूचित विस्तार अधिनियम (PESA/पेसा) वर्ष 1996** में "पंचायतों से संबंधित संविधान के **भाग IX** के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तारित करने के लिये" अधिनियमित किया गया था। संविधान के **अनुच्छेद 243-243ZT के भाग IX** में नगर पालिकाओं और सहकारी समितियों से संबंधित प्रावधान हैं। इस अधिनियम के तहत अनुसूचित क्षेत्र वे हैं जिन्हें अनुच्छेद 244 (1) में संदर्भित किया गया है, जिसके अनुसार पाँचवीं अनुसूची के प्रावधान असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम के अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों की अनुसूचित जनजातियों पर लागू होंगे। पाँचवीं अनुसूची इन क्षेत्रों के लिये विशेष प्रावधानों की शृंखला प्रदान करती है।

भारतीय ओलंपिक संघ एथलीट आयोग

ओलंपिक पदक विजेता **एम.सी मैरीकॉम, पी.वी. सिंधु, मीराबाई चानू और गगन नारंग** आदि दस प्रमुख खिलाड़ियों को भारतीय ओलंपिक संघ एथलीट आयोग का सदस्य चुना गया है। इस सर्वोच्च संस्था के सदस्य के रूप में पाँच पुरुष एवं पाँच महिला खिलाड़ियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया **विंटर ओलंपिक के खिलाड़ी** शिवा केशवन, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, **महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल**, **तलवारबाज़ भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल** तथा पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओमप्रकाश सतिथाकरहाना इस संस्था के अन्य छह सदस्य निर्वाचित हुए हैं। ये सभी ओलंपिक खिलाड़ी हैं। **भारतीय ओलंपिक संघ भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (NOC) है।** संघ का कार्य ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों व अन्य अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करना और भारतीय टीम का प्रबंधन करना है। यह भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की तरह ही कार्य करता है, तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का भी चयन करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-november-2022